उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना अजनर की पुलिस टीम ने अवैध देशी शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में हिस्ट्रीशीटर अभियुक्तों के सत्यापन तथा अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांकः- 07.06.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थाना अजनर प्रभारी निरीक्षक श्री सत्यपाल सिंह द्वारा गठित की गयी पुलिस टीम जिसमें व0उ0नि0 कन्हैयालाल, उ0नि0 वेदप्रकाश व उ0नि0 प्रशान्त दीक्षित द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए थानाक्षेत्र के कैथोरा जाने वाले मार्ग पर बहद ग्राम अकौनी से अवैध शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त मानसिंह राजपूत पुत्र प्रान सिंह राजपूत उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम कैथोरा थाना अजनर जनपद महोबा को हिरासत में लिया जिसके कब्जे से कुल 26 अदद क्वार्टर बन्टी बबली ब्राण्ड अवैध देशी शराब की बरामदगी की गयी, जिसके आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना अजनर में मु0अ0सं0 128/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत करते हुए अन्य विधिक कार्यवाही अमल में लायी गयी।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. व0उ0नि0 कन्हैयालाल
2. उ0नि0 वेदप्रकाश
3. उ0नि0 प्रशान्त दीक्षित

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

मानसिंह राजपूत पुत्र प्रान सिंह राजपूत उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम कैथोरा थाना अजनर जनपद महोबा।

**बरामदगी-** अभियुक्त के कब्जे से एक झोले में 26 अदद क्वार्टर बन्टी बबली ब्राण्ड देशी शराब नाजायज बरामद होना।



# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 08.06.2025

मीडिया सेल, महोबा

## जनपद महोबा में यातायात नियमों के उल्लंघन पर प्रभावी चेकिंग अभियान...।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद महोबा में यातायात व्यवस्था को गतिमान बनाये रखने तथा सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी रोंक लगाये जाने हेतु वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किये जाने हेतु प्रभारी यातायात श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में आज दिनांक-08.06.2025 को जनपद महोबा में यातायात पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस अभियान के अंतर्गत बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध तथा ई-रिक्शा चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए 41 वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार प्रवर्तन (चालान) की कार्यवाही की गई है। चेकिंग के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक भी किया गया तथा सड़क सुरक्षा के महत्व को बताते हुए यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने की अपील की गई।

यातायात पुलिस द्वारा यह अभियान जनहित में आगे भी निरंतर जारी रहेगा।








@MahobaPolice

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 08.06.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

उत्तर प्रदेश पुलिस

◆ पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण, शांति/कानून व्यवस्था एवं जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से थाना कोतवाली नगर की पुलिस टीम के साथ थाना क्षेत्र के प्रमुख कस्बों, बाजारों, धार्मिक स्थलो एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

◆ पैदल गस्त के दौरान अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

📌 धार्मिक गुरुओं से संवाद कर आपसी सामाजिक सौहार्द बनाये रखने हेतु की गयी अपील।

आज दिनांक 08.06.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपद में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद महोबा के थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में प्रमुख कस्बों, बाजार व मिश्रित आबादी वाले स्थानों में अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से व्यस्तम भीड़- भाड़ वाले प्रमुख स्थानो, धार्मिक स्थलों एवं सार्वाजनिक स्थानों आल्हा चौक, ऊदल चौक, खनगा बाजार,नागर पलिका तिराहा, तहसील तिराहा आदि मिश्रित आबादी वाले स्थानों पर पैदल गस्त की गयी।

पैदल गश्त के दौरान आमजनमानस से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में उनसे संवाद स्थापित किया गया तथा अतिक्रमण करने वालो को सख्त हिदायत देते हुये अतिक्रमण को हटवाया गया साथ ही साथ नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध प्रभावी विधिक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्दशित किया गया, इस दौरान क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था कायम रहे इसके लिए प्रत्येक महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर पुलिस बल को तैनात किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। रात्रि ड्यूटियाँ एवं रात्रि पुलिस मोबाइल द्वारा विशेष सतर्कतापूर्वक लगातार भ्रमणशील रहते हुए गस्त करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।

